1996 : 77142

1997 : 734

(ख) वर्ष, 1998 (सितम्बर तक) के दौरान बिना बारी आधार पर जारी किए गए एलपीजी कनेक्शनों की संख्या 55 है, तेल कंपनियों उनके लिए उपलब्ध कोटे के तहत कुछ एक वरीयता कनेक्शन जारी कर रही है।

विवेकाधीन कोटे के माध्यम से दिए गए पेट्रोल पम्पों की नीलामीं

2741. **श्री मनोहर कान्त ध्यानी** : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र में कांग्रेस शासन के दौरान मंत्री के विवेकाधीन कोटे से जारी किए गए पेट्रोल पम्पों की सार्वजनिक नीलामी करने के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश का कार्यान्वयन कर दिया गया है, और

(ख) यदि हां, तो नीलामी के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई गई अब तक कितने पेट्रोल पम्प किए जा चुके है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार) : (क) और (ख) जी हां।

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रद्द की गई 15 खुदरा बिक्री केन्द्र डीलरशिपों में से केवल 5 खुदरा बिक्री केन्द्र, जो आरंभ किए गए थे, नीलाम किये जाने थे तेल कंपनियों ने इन पांच खुदरा बिक्री केन्द्रों से संबंधित नीलामी के अंतगर्त प्रतिभागिता के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करते हुए विज्ञापन जारी किए थे। नीलाम होने वाले इन 5खुदरा बिक्री केन्द्रों में से एक खुदरा बिक्री माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा नीलामी नोटिस रद्द नीलामी नोटिस रद्द किए जाने के कारण नीलाम नहीं किया जा सका था। शेष बचे चार खुदरा बिक्री केन्द्र निम्नवत नीलाम कर दिए गए हैः

	मूल डीलर/नीलामी होने वाले स्थान का नाम	सबसे ऊंची बोली देने वाले बोलीदाता का नाम	धनराशि (रूपए)
1.	श्रीमती विजया नायर दिल्ली	श्री महाबीर प्रसाद सैमी 4/12, अशोक मोहल्ला नांगलोई, दिल्ली-41	3.11 करोड़
2.	श्री अरूण कुमार गुप्ता चंडीगढ़	श्री अमरजीत सिंह रंघावा, मकान सं, 82, सैक्टर 27-ए चंडीगढ़	1.75 करोड़
3.	श्री बन्जामिन, के. होल्लोहों, दीमापुर (नागालैंड)	श्री बेन्जामिन मार्फत, श्री के. होल्लोहों, चुमुखेडीमा, दीमापुर	15.75
4.	श्री धर्मेश कुमार टंडला (उ.प्र.)	श्री राम कुमार गुप्ता श्री अमित कुमार जैन भागीदारी मे, बलदेव नगर, टंडला, फिरोजाबाद	45. 0 लाख

Closure of Hazira Plant due to floods

2742, SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA Will, the Minister * of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether ONGC's Hazira Plant was shut down in the recent past due to floods;